Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:52 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:24 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 282 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 8 मई 2026



पति आनंद आहूजा को दी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 52 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

हल्द्वानी। अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 52 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार हीरा नगर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ कालाढूंगी रोड स्थित चौकी गेट के सामने वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान कालाढूंगी चौराहे की ओर से एक स्कूटी सवार आता दिखाई दिया, जिसने पुलिस को देखकर अचानक स्कूटी मोड़कर वापस जाने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूटी के आगे रखे थैले और डिग्गी से मैकडॉवेल्स नंबर-1 सिलेक्ट व्हिस्की के 52 पव्वे बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम मनोज बसौला निवासी कुसुमखेड़ा, बताया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों का हाथ साफ, पुलिस से कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। नगर पूरी तरह होता के हवाले है चोर आए दिन किसी न किसी वहां पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को चुनौती दे रहे हैं चोरों ने रामपुर रोड क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को चुनौती दी है

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जीतपुर नेगी निवासी संदीप पोखरियाल पुत्र शिव प्रसाद पोखरियाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मित्र सुखदेव राणा निवासी गांधीधाम, गुजरात ने अपनी मोटरसाइकिल उन्हें चलाने के लिए दी थी, जो तब से उनके पास ही थी। बताया गया कि 18 अप्रैल की रात उनके घर मां कालिका इन्क्लेव, जीतपुर नेगी, रामपुर रोड के बाहर गेट के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

# भारत ने किया ओडिशा तट पर 'तारा' की सफल परीक्षण उड़ान

नई दिल्ली
एजेंसी

भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम TARA का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया। डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना द्वारा विकसित यह प्रणाली बिना गाइडेड वारहेड को सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने में सक्षम है।



भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (TARA) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है।

ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय वायुसेना (IAF) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्रालय ने इसे भारत की प्रिसिजन स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, TARA भारत का पहला स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है, जिसे बिना दिशा-निर्देश वाले वारहेड को अत्यधिक सटीक निशाना साधने वाले प्रिसिजन गाइडेड हथियार में बदलने के लिए विकसित किया गया है। इस तकनीक के जरिए पारंपरिक और कम लागत वाले हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

मंत्रालय ने बताया कि इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च सेंटर इमारत (RCI) ने अन्य डीआरडीओ लैब्स के सहयोग से विकसित किया है। इसका उद्देश्य कम लागत में ऐसे अत्याधुनिक हथियार तैयार करना है, जो दुश्मन के जमीनी ठिकानों को बेहद सटीकता के साथ निशाना बना सकें।

विशेषज्ञों के मुताबिक, ग्लाइड वेपन सिस्टम पारंपरिक बमों को आधुनिक गाइडेंस तकनीक से लैस करता है, जिससे वे लंबी दूरी तक जाकर लक्ष्य को अधिक सटीकता से भेद सकते हैं। इस प्रणाली में अत्याधुनिक लेकिन कम लागत वाली तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे भविष्य में भारतीय सशस्त्र बलों को कम खर्च में उच्च क्षमता वाले प्रिसिजन हथियार उपलब्ध हो सकेंगे।

आज नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे

# बंगाल में सीएम का फैसला आज अमित शाह कोलकाता पहुंचे

नई दिल्ली
एजेंसी

भाजपा के विधायक दल की बैठक में आज पश्चिम बंगाल के अगले मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। इस अहम बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी पर्यवेक्षक व सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे।

पश्चिम बंगाल के 2026 के विधानसभा में चुनाव प्रचंड जीत मिलने के बाद आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह पर्यवेक्षक के रूप में आज नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी सह-पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, बैठक कोलकाता के विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में शाम चार बजे होगी। इसी बैटख में विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जो राज्य का नया मुख्यमंत्री बनेगा।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की थी कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया था कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान के बाद चार मई को मतों की मतगणना हुई। जिसमें तृणमूल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत के साथ ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल लंबे शासन का अंत हो गया। आंकड़ों की बात करें तो टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी ने अकेले 215 सीटों हासिल की थी। जबकि भाजपा जिसे पिछले चुनाव में मात्र 77 सीटें मिली थी, उसने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर कब्जा जमाया है।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे केदारनाथ धाम, विवेकानंद अस्पताल के नए भवन का करेंगे लोकार्पण

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज शुक्रवार सुबह केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री केदारनाथ धाम स्थित विवेकानंद अस्पताल के दूसरे भवन का लोकार्पण करेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश ने बताया कि अस्पताल के पास ही नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री के हाथों किया जाएगा। इससे धाम में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर पहले से ही धाम में मौजूद हैं।

### सीएम धामी बोले, चार साल में 11 हजार लोगों को मिला स्वरोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के तहत पशुधन इकाइयों की स्थापना की जा रही है, जिसमें पात्र लाभार्थियों को 90 फीसदी तक ऋण अनुदान मिल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, प्रदेश में पशुपालन से पिछले चार साल में 11 हजार से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिला। उन्होंने यह बात यहां निरंजनपुर में राज्यभर के पशु और मत्स्य पालकों से संवाद करते हुए कही। इस दौरान सीएम ने मत्स्य पालन के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वेन को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य में मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के तहत पशुधन इकाइयों की स्थापना की जा रही है।



# ओवर स्पीड वाहनों पर नैनीताल पुलिस की सख्ती, रामपुर रोड पर 54 चालान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में इंटरसेप्टर वाहन में लगी ओवर स्पीड गन के माध्यम से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

रामपुर रोड क्षेत्र में भूपेश पाण्डेय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार ओवर स्पीड में 20 चालान किए गए, जिनमें 19 वाहन 60 किलोमीटर प्रति घंटा की निर्धारित सीमा से अधिक गति में दौड़ते मिले, जबकि एक वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार में पकड़ा गया। कार्रवाई में एक बस और 19 कारें शामिल रहीं। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 54 चालान कर कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस ने बताया कि रामपुर रोड, चोरगलिया रोड और कालाढूंगी रोड पर अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है, लेकिन चेकिंग के दौरान कई पर्यटक वाहन, लोकल टैक्सी और निजी वाहन तेज रफ्तार में संचालित होते पाए गए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# आस्था: गोल्ज्यू यात्रा का भव्य स्वागत, शोभायात्रा निकाली

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

यात्रा के 19 वें दिन, कुमाउनी एवं गढ़वाल से होकर फिर कुमायूं क्षेत्र पिथौरागढ़, बागेश्वर से रामनगर होते हुये गोल्ज्यू यात्रा आज हल्द्वानी पहुंची जहाँ राम मंदिर मे यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में पारंपरिक वेशभूषा में मातृशक्ति ने भव्य स्वागत कर पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया।





यह पल केवल स्वागत नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति का जीवंत उत्सव था। 19 अप्रैल से यात्रा के साथ चल रहें मुख्य आयोजक और अपनी धरोहर न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने गोल्ज्यू यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये बताया की यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की धार्मिक संस्कृति का संरक्षण करते हुये सारे समाज को उत्तराखंड की संस्कृति से जोड़ना है। यात्रा खटीमा,सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर, काशीपुर हरिद्वार, देहरादून, उसके बाद यात्रा पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा होते हुये आज रामनगर से हल्द्वानी पहुंची है। यात्रा रामलीला मैदान से शोभायात्रा के रूप मे बाजार क्षेत्र होते हुये गोल्ज्यू मंदिर पहुंची और वहाँ पर स्वागत किया गया और मंदिर मे जागर लगाई गयीं और सभी ने गोल्ज्यू देव का आशीर्वाद लिया। यात्रा मे पूर्व केबिनेट मंत्री लाखीराम जोशी, कमल सिंह जीना पुरी यात्रा मे मौजूद रहें। इस मौके पर न्यास के उपाध्यक्ष एन बी गुणवंत, मीडिया प्रभारी रवि दुर्गापाल,कार्यक्रम संयोजक लवेन्द्र सिंह चिलवाल, सी एस किरौला, आनंद सिंह भाकुनी, विजय तिवारी, विवेक कश्यप, साकेत अग्रवाल,तनुज गुप्ता, भवानी शंकर नीरज, पंडित विवेक शर्मा,रूपेंद्र नागर, के सी बेलवाल, दिनेश गुप्ता,सुनीता जोशी, शांति जीना, लता बोरा, भावना पांडेय, हेमा पांडेय, प्रभा खनका, कीरन जामोत,रमा पांडेय, दीप्ति चुफाल आदि ने भव्य स्वागत किया।

# मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा, मानसून से पहले गड्ढामुक्त हो जाएं सड़कें:सीएस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बीरवार को सचिवालय में आगामी मानसून सीजन को लेकर विभागों एवं जिलों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को मानसून पूर्व तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसून के दौरान जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।



सीएस आनंद बर्द्धन ने कहा कि मानसून के दौरान आगामी कुछ महीने अत्यंत संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण रहेंगे। वर्तमान में चारधाम यात्रा भी संचालित हो रही है ऐसे में सभी रेखीय विभागों को चौबीसों घंटे अलर्ट मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पूर्व सभी सड ?ों को गड्ढामुक करते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों की मरमत पूरी कर ली जाए बिजली एवं पेयजल विभाग को विद्युत लाइनों, ट्रांसफ र्मरों तथा पेयजल लाइनों की पूर्व मरममत एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मानसून अवधि में विद्युत एवं जलापूर्ति अधिक समय तक प्रभावित न हो। उन्होंने शहरी विकास विभाग, नगर निकायों तथा जिलाधिकारियों को नालों एवं नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति किसी भी दशा में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए तथा नदी.नालों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों एवं अतिक्रमणों को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कामचलाऊ व्यवस्थाओं से बचते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

मुखय सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य में नदी तटीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए नदियों के चैनलाइजेशन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी मार्ग में जमा आरबीएम को हटाया जाए ताकि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित न हो और कटाव से आबादी एवं आधारभूत संरचनाओं को नुकसान न पहुंचे। कहा कि राज्य सरकार द्वारा संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी इसलिए सभी विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थलों पर सड ? खोलने हेतु जेसीबी मशीनों की अग्रिम तैनाती की जाए तथा बैली ब्रिज का पर्याप्त भंडारण रखा जाए साथ ही बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नाव एवं बोट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने विभागीय तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में विभिन्न रेखीय विभागों के नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है तथा मानसुन अवधि के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़े कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत ने मुखय सचिव के सममुख मानसून सत्र के दौरान सड ? मार्ग में मोटर पुल क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बैलिब्रिज स्थापित कर आवागमन सुचारू करने हेतु कुमाऊं मंडल हेतु लोनिवि को अतिरिक्त वैलिब्रिज उपलबध कराने की बात रखी। जिस पर मुखय सचिव ने सचिव लोनिवि को तत्काल कुमाऊं मंडल हेतु अतिरिक्त वैलिब्रिज उपलबध कराने के निर्देश दिए।

वीसी के माध्यम से जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने जनपद नैनीताल के गौला एवं नंधौर नदी से हो रहे भू.कटाव की रोकथाम हेतु नदी में ड्रेजिंग कार्य कराए जाने का मामला मुख्य सचिव के समक्ष रखते हुए अवगत कराया की मानसुन के दौरान बिंदुखत्ता, लालकुआं, शांतिपुरी आदि क्षेत्रों में नदी से भू.कटाव होने के साथ ही गांवों को खतरा बना रहता है जिसकी रोकथाम हेतु वन विभाग के माध्यम से नदी में ड्रेजिंग कार्य हेतु 5 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है उन्होंने शीघ्र धनराशि आवंटित करने की मांग मुखय सचिव से की, इस संबंध में मुखय सचिव द्वारा सचिव आपदा प्रबंधन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।बैठक में शासन के विभिन्न उच्चाधिकारियों के साथ ही जनपद नैनीताल से विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जनकल्याणकारी योजनाओं की लोगों को दी सरकारी जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधानसभा के तहत बेतालघाट बलाक के मझेड़ा गांव में भ्रमण किया तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात की उन्होंने उत्तराखंड सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी।

इस दौरान डा.आर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की ओर से समाज के अनुसूचित जाति के लोगों के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान भवानी राम,हरीश राम,मनीष कुमार, सूर्य प्रसाद, कैलाश कुमार, तुलसी राम, टीका राम,मोहन चंद्र, बिजेंद्र प्रसाद तथा खयाली राम आदि मौजूद रहे।

# नैनीताल जिले के 49 और निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में मुखय शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल द्वारा जनपद के विभिन्न निजी विद्यालयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं जांच आख्या के आधार पर कार्यवाही करते हुए 49 और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूलों में होली ऐंजल पबलिक स्कूल हल्द्वानी, वीवीएम पबलिक स्कूल हल्द्वानी, फ न विथ ड्राइंग पबलिक स्कूल हल्द्वानी, विवेकानन्द पबलिक स्कूल हल्द्वानी, सनराईज पबलिक स्कूल हल्द्वानी, न्यू रेनबो पबलिक स्कूल हल्द्वानी, न्यू सनसाईन पबलिक स्कूल हल्द्वानी, लिटिल जीनियस पबलिक स्कूल हल्द्वानी, किड्स केयर पबलिक स्कूल हल्द्वानी, आदर्श पबलिक स्कूल हल्द्वानी, मार्डन पबलिक स्कूल हल्द्वानी, विद्या पुष्प एकेडमी हल्द्वानी, जेमस पबलिक स्कूल हल्द्वानी, सृजन स्कूल गौलापार, लक्ष्मी शिशु मन्दिर हल्द्वानी, मीना एकेडमी लालकुआं, होली ट्रिनटी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लालकुआं, एचसीएम जूनियर हाईस्कूल लालकुआं, सनराईज पबलिक स्कूल रामनगर, लिटिल स्कालर एकेडमी रामनगर, सेंट रूमी पबलिक स्कूल रामनगर, यूएसआर इन्दु इण्टर कालेज बसई रामनगर, दीपक डिवाइन पबलिक स्कूल रामनगर, मेहरा पबलिक स्कूल रामनगर, अल्फ ा मिशन पबलिक स्कूल रामनगर, शेमरोक प्री स्कूल रामनगर, डीडीसीएम पबलिक स्कूल रामनगर, मार्डन पबलिक स्कूल रामनगर, डीएसबी पबलिक स्कूल रामनगर, गुडलक पबलिक स्कूल रामनगर, जय मोहन पबलिक स्कूल रामनगर, एलएन साह प्रीपैरिटरी लर्निंग स्कूल भीमताल, डीएसएस पाल पबलिक स्कूल भीमताल, आयुष्मान कान्वेंट स्कूल गरमपानी बेतालघाट, स्कालर हेवन स्कूल बिन्दुखत्ता लालकुंआ हल्द्वानी, एफ एस बिष्ट मैमोरियल बिन्दुखत्ता लालकुंआ हल्द्वानी, बीडी जोशी मैमोरियल स्कूल लालकुंआ हल्द्वानी, ग्रीनवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल लालकुआं हल्द्वानी तथा सनवाल पबलिक स्कूल नैनीताल शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र के 50 विद्यालयों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब तक नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूलों की संख्या 99 हो गई है।

## NEWS / फटाफट

### डीएसबी के शिक्षक जलाल को मातृ शोक

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष तथा इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. हरदयाल सिंह जलाल की माताजी उर्मिला जलाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी । उनके निधन पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ससमेत कूटा परिवार ने दुख जाहिर किया है।

### घर की सीढ़ियों से गिरकर महिला गंभीर रुप से चोटिल

**नैनीताल ।** नैनीताल के मल्लीताल बाजार क्षेत्र में घर की सीढियों से गिरकर महिला गंभीर रुप से चोटिल हो गई। महिला को बीडी पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जयलाल साह बाजार निवासी रुचि गर्ग उर्फ बबली गुरुवार दोपहर घर पर सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। अचानक संतुलन बिगडने से वह गिरकर गंभीर रुप से चोटिल हो गई। लहुलूहान अवस्था में स्वजन उसे बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी जांच व प्राथमिक उपचार दिया गया। पीएमएस डाण् टीके टमटा ने बताया कि महिला के सिर पर चोट होने के साथ ही बहुत रक्तस्राव हो गया था। उसे उल्टियां होने के कारण जांच व उपचार को हायर सेंटर रेफ र कर दिया गया है।

### जिला अस्पताल में फिर शुरू हुई सीटी स्कैन सुविधा

**नैनीताल।** नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से बंद पड़ी सीटी स्कैन सुविधा आखिरकार दोबारा शुरू हो गई है। हल्द्वानी बेस अस्पताल से तकनीशियन की व्यवस्था होने के बाद बीरवार से मरीजों की जांच शुरू कर दी गई जिससे स्थानीय लोगों और मरीजों ने राहत की सांस ली है। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि फिलहाल ओपीडी समय में सीटी स्कैन की सुविधा शुरू कर दी गई है साथ ही शासन स्तर पर स्थायी तकनीशियन की मांग भी भेजी गई है। सीटी स्कैन सेवा दोबारा शुरू होने से बड़ी राहत मिली है और अब गंभीर मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भाजपा के नारी शक्ति वंदन के वायदे झूठे:खष्टी बिष्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि नारी



शक्ति का वंदन करने वाली सरकार महिलाओं के प्रति कितनी संवेदनशील है ये तो अब प्रदेश में जबरदस्त उपहास का विषय बनता जा रहा है।

महिलाओं की सुरक्षा में विफ ल भाजपा सरकार किस मुंह से महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की बात करती है और मुखय धारा में लाने की बात करती हैं। बिष्ट ने कहा कि कुमाऊं मंडल के चंपावत में भाजपा नेता और उनके साथियों ने एक गरीब नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर पूरे प्रदेश को एक बार फिर शर्मसार किया है। चंपावत में चौथी घटना है जो नाबालिक बच्चियों के साथ इस तरह की घिनौनी हरकत हुई है। बिष्ट ने कहा कि इस सरकार के और भी मंत्री पहले से ही महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं फिर भी वे संसद,विधानसभाओं में आम जानता को छलने के लिए महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं और जनता को धोखा दे रहे हैं।

कहा कि हथियारों के बल पर की गई दरिंदगी कैसी मानवता है? चंपावत के किशोरी दुष्कर्म की इस घटना ने पूरे प्रदेश को दहला दिया है। श्रीमती बिष्ट ने कहा कि इस तरह की घटनाओं की घोर निंदा करती हैं तथा प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़कर कठोर दंड दिए जाने का आह्वान करती हैं। कहा कि जल्द ही कांग्रेस पार्टी इस घटना के विरोध में उच्च नेतृत्व के निर्देशों पर प्रदेश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने भाजपा महिला विधायकों को अवसरवादी बताया और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी अन्यायपूर्ण कृत्य पर चुप्पी साध लेने पर नाराजगी व्यक्त की।

# निरीक्षण पैनल ने डिग्री कालेज बेतालघाट की हर गतिविधियों की ली बिंदुवार जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के कला संकायाध्यक्ष प्रो. रजनीश पाण्डे के नेतृत्व में जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट का सत्र 2026-27 हेतु स्थलीय निरीक्षण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विश्वद्यालंकार ने निरीक्षण पैनल को महाविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं, कक्षा कक्ष, विषय, प्राध्यापकों, कार्मिकों तथा छात्रसंखया, पुस्तकालय, वाचनालय, परीक्षा विभाग, क्रीड़ा विभाग तथा भवन आदि की सूचना प्रदान करते हुए भौतिक निरीक्षण मे सहयोग प्रदान किया।



निरीक्षण पैनल ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यसहगामी क्रियाओं सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों की उपलब्धियों की सराहना की। निरीक्षण पैनल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल से प्रो. रजनीश पाण्डे (अर्थशास्त्र विभाग), प्रो. शिरीष कुमार मौर्य (हिन्दी विभाग), प्रो. लज्जा भट्ट (संस्कृत विभाग), प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट (समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष), प्रो. हरिप्रिया पाठक(अंग्रेजी विभाग) समेत एस एस जे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से प्रो. मीना पथनी (राजनीति विज्ञान विभाग) तथा निदेशक उच्चशिक्षा उत्तराखंड के प्रतिनिधि प्रो. नागेन्द्र द्विवेदी (प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय रामगढ़) सहित श्री जे. बी. जोशी (अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग) शामिल रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त गुरुजन, कार्यालय तथा पुस्तकालय कार्मिकों सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अभिमत

## घूम रही है मौत!

*यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सड़कों पर मौत घूम रही है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि जो गोशाला बनाई गई हैं और प्रस्तावित हैं, उनका मौका मुआयना कर फोटोग्राफ अदालत में पेश करें। इससे पहले नगर निगम की ओर से शपथ पत्र पेश करके कहा गया था कि कोर्ट के आदेश पर गोशाला बनाई जा रही है, शपथ पत्र पर सवाल उठना लाजिमी है। लावारिस पशु सैकड़ों की संख्या में सड़क पर देखने को मिल रहे हैं। न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि केन्द्र और कई राज्य सरकारें काऊ सेस वसूल रही हैं, फिर भी हाईवे पर लावारिस पशु दुर्घटना की वजह बन रहे हैं।*

राष्ट्रीय राजमार्गों से लेकर गली-मोहल्लों में लावारिस पशु अनेक लोगों की जान ले चुके हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सड़कों पर मौत घूम रही है। हल्द्वानी के रामपुर रोड पर बेलबाबा के पास सिडकुल की फैक्ट्री से काम करके लौट रही स्कूटी सवार 24 वर्षीय युवती की लावारिस पशु की टक्कर से मृत्यु हो गई। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि जो गोशाला बनाई गई हैं और प्रस्तावित हैं, उनका मौका मुआयना कर फोटोग्राफ अदालत में पेश करें। इससे पहले नगर निगम की ओर से शपथ पत्र पेश करके कहा गया था कि कोर्ट के आदेश पर गोशाला बनाई जा रही है, जिसमें लावारिस पशुओं को पकड़ कर रखा जा रहा है। कोर्ट में पेश शपथ पत्र पर सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि लावारिस पशु सैकड़ों की संख्या में सड़क पर देखने को मिल रहे हैं। न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि केन्द्र और कई राज्य सरकारें काऊ सेस वसूल रही हैं, फिर भी हाईवे पर लावारिस पशु दुर्घटना की वजह बन रहे हैं। सरकार ने कोर्ट के आदेश पर गोशाला के लिए जमीन दी है। करीब दो करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था को जारी किये गये हैं। यह भी कहा गया है कि गोशाला में दो हजार पशु रखे जा सकते हैं। वर्ष 2023 में जनहित याचिका दायर की गई थी। तब से अब तक लावारिस पशुओं ने अनेक लोगों की जान ले ली। सड़क पर दुर्घटना से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। संकरी गलियों में लावारिस पशुओं से बचना असंभव हो जाता है। चौड़ी सड़कों पर लावारिस पशु दौड़ते हैं तो दोपहिया वाहन से टकराने पर चालक की मौत हो जाती है। लावारिस पशु को बचाने के प्रयास में चारपहिया वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। हल्द्वानी में लावारिस पशुओं के बारे में जनप्रतिनिधियों से अनेक बार शिकायत की जा चुकी है। जनप्रतिनिधि प्रशासन से कहकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। लावारिस पशुओं के कारण किसी की मौत हो जाने पर प्रशासन द्वारा एक-दो दिन पशुओं को पकड़कर शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में छोड़ा जाता है। कुछ दिन बाद पशु पुनः शहर में आ जाते हैं। शहर में घूमने वाले पशुओं में कई पालतू होते हैं। पशुपालक सुबह-शाम दूध निकालने के बाद लावारिस छोड़ देते हैं। नगर निगम और नगर पालिका ने पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है, लेकिन अमल नहीं किया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से गोशाला के फोटोग्राफ पेश करने को कहा, यह पूरी तरह सही नहीं है। शासन और प्रशासन से पूरे प्रदेश में गोशाला कब तक बन जायेंगी और गोशाला बनने से पहले तारबाड़ वाली अस्थाई गोशाला में लावारिस पशुओं को रखने के बारे में पूछा जाना चाहिए, जिससे फौरी तौर पर समस्या का समाधान हो सके।

# विश्वकवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शांति निकेतन ट्रस्ट फ ॉर हिमालय के तत्वावधान में बीरवार को नैनीताल जिले के रामगढ़ स्थित ऐतिहासिक टैगोर टॉप में विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती रवींद्र जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। हिमालय की सुरमय वादियों के बीच आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति तथा शिक्षा और भारतीय चिंतन से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।



इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध वेदपाठी श्री कृष्णानंद शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर मुखय यजमान प्रो. अतुल जोशी, देवेंद्र ढैला, हेमंत डालाकोटी, डॉ. एस. डी. तिवारी, डॉ. सुरेश डालाकोटी, के.के. पांडेय एवं देवेंद्र बिष्ट ने विधिवत पूजा अर्चना एवं हवन संपन्न कर गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की।इसके उपरांत विश्व मानवता, प्रकृति और भारतीय चेतना के अमर गायक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर विषय पर एक विचारगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री एवं शांतिनिकेतन ट्रस्ट फ ॉर हिमालय के ट्रस्टी नवीन वर्मा द्वारा गुरुदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वर्मा ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक महान कवि ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, शिक्षा व प्रकृति प्रेम और विश्वबंधुत्व के अद्वितीय संवाहक थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में टैगोर के विचार मानवता को जोडने, प्रकृति के संरक्षण तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं।

ट्रस्ट के सचिव प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि रामगढ़ की यह भूमि गुरुदेव की साधना और सृजन की साक्षी रही है। हिमालय की शांत वादियों में रहकर गुरुदेव ने प्रकृति और मानव चेतना को जिस संवेदनशीलता से अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया वह आने वाली पीढि ों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि टैगोर का साहित्य भारतीय आत्मा की सार्वभौमिक अभिव्यक्ति है।

इस अवसर पर नई दिल्ली से पधारी डॉ नीलम वर्मा द्वारा रवींद्र संगीत पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर गुरुदेव को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। विचारगोष्ठी के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र ढैला ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुदेव का जीवन भारतीय संस्कृतिए ज्ञान, करुणा और सृजनशीलता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शांतिनिकेतन ट्रस्ट फ ॉर हिमालय भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय चिंतन से जोडने का कार्य करता रहेगा। संचालन देवेंद्र बिष्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत ट्रस्ट के प्रन्यासीयों की वार्षिक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि गुरूदेव की कर्मभूमि रामगढ़ में प्रस्तावित विश्वभरती केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेटलाईट परिसर के निर्माण की यथाशीघ्र स्वीकृति हेतु प्रन्यासीयो का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुखयमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ धर्मेंद्र प्रधान से मिल कर उनसे परिसर निर्माण हेतु आग्रह करेगा।इस अवसर पर डॉ. एस डी तिवारी, डॉ सुरेश डालाकोटी, के के पांडे, प्रभात मठपाल, हेमंत डालाकोटी, मोहन बोरा, डॉ विनोद जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. अशोक उप्रेती, गिरीश चंद्र डालाकोटी, उपेंद्र ढैला सहित अनेक शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी व साहित्यप्रेमी एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में ट्रस्ट के सचिव प्रो.अतुल जोशी ने सभी का विशेष आभार जताया।

## स्मैक तस्करी के आरोपी को पांच वर्ष का कठोर कारावास

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संजीव कुमार की अदालत ने स्मैक तस्करी के मामले में अभियुक्त रजा हुसैन निवासी बहेड़ी को दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है जिसे अदा न करने पर उसे पांच माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। यह मामला वर्ष 2019 का है जब थाना हल्द्वानी पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 104.64 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अभियुक्त के युवा होने और प्रथम अपराध का हवाला देते हुए कम सजा की मांग की थी। किंतु अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूजा साह ने तर्क दिया कि बरामद मात्रा न्यूनतम से काफी अधिक है और स्मैक जैसे पदार्थ युवाओं को शारीरिक रूप से कमजोर कर समाज को नुकसान पहुंचाते हैं।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने किया कैबिनेट मंत्री कैड़ा का स्वागत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा के शिविर कार्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों/ सदस्यों ने कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी तथा कुमाऊं मण्डल कानून सलाहकार राहुल पुजारी के नेतृत्व में मंत्री कैड़ा को पुष्प गुच्छ भेंटकर व माला पहनाकर मंत्रालय में पदभार ग्रहण करने कि बधाइयां दी व साथ ही पर्यावरण मित्रों से जुड़ी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में मुखय रूप से उत्तराखंड की भोगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप ढांचे मे संसोधन कर कर्मचारियों के पद सृजित करने,अस्थायी कर्मचारियों को 805 रुपएं की दर से वेतन भुगतान, मालिकाना हक संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिस पर मंत्री कैड़ा द्वारा कर्मचारियों से



जुड़ी हर समस्या का शासन स्तर पर हल करने का आश्वासन दियाऔर साथ ही इसी कार्यक्रम मे राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के नव नियुक्त सदस्य भाई नितीन चरण जी से भी शिष्टाचार भेट हुई संगठन के साथियों ने सदस्य राज्य सफाई कर्मचारी आयोग नितिन चरण को माला पहनाकर समानित किया। इस दौरान नगर संरक्षक अतुल, नगर अध्यक्ष निहाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार समेत वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज कुमार,मिडिया प्रभारी नीरज नैथानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु, महामंत्री ज्योति,वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष रेखा राज व कार्यकारी महिला अध्यक्ष गीता मौर्या, शाखा कोषाध्यक्ष ममता देवी तथा शाखा उपाध्यक्ष अनिता नूरी समेत अन्य कर्मचारी साथी भी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सोनम कपूर ने पति आनंद आहूजा को दी शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं



*आज सोनम कपूर और आनंद आहूजा की शादी की सालगिरह है। इस खुशी के मौके पर सोनम ने सोशल मीडिया पर पति आनंद को शादी की आठवीं सालगिरह की शुभकामनाएं दी हैं। सोनम कपूर और आनंद आहूजा बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। सोनम और आनंद की शादी को आज पूरे आठ साल हो चुके हैं। इस खुशी में सोनम ने अपने पति आनंद के लिए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट के जरिए उन्हें शादी की सालगिरह की बधाई दी है और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा है। सोनम कपूर ने आज 8 मई को इंस्टाग्राम पर अपने पति आनंद आहूजा के साथ कई तस्वीरों का एक मोशन वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही सोनम ने आनंद को शादी की आठवीं सालगिरह पर बधाई दी। सोनम ने कैप्शन में लिखा, तुम्हारे साथ एक दशक पूरा हो गया। आठ साल की शादीशुदा जिंदगी। तीन शहर, तीन घर और दो प्यारे बेटे। सोनम ने आगे लिखा, आज भी तुम वही पहले व्यक्ति हो जिससे मैं सुबह बात करना चाहती हूं और रात में सोते हुए देखना चाहती हूं। तुम मेरी जिंदगी की उथल-पुथल में शांति हो। तुम मुझे सबसे ज्यादा सुरक्षित, सबसे मजबूत और सबसे ज्यादा अपने जैसा महसूस कराते हो। दस साल बाद, मैं तुमसे पहले से कहीं ज्यादा प्यार करती हूं।*

### आनंद का किया शुक्रिया

*सोनम ने आगे लिखा, इस खूबसूरत जीवन को बनाने के लिए तुम्हारा बहुत-बहुत धन्यवाद। हंसी, दोस्ती, सहनशीलता, परिवार और उस प्यार के लिए जो समय के साथ कम होने की बजाय और बढ़ता ही जाता है। इस जिंदगी को बिताने के लिए मैं किसी और के साथ नहीं, सिर्फ तुम्हारे साथ रहना चाहती हूं।*

# चंपावत कांड के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, फूंका पुतला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

चंपावत में नाबालिग किशोरी के साथ हुई कथित गलत हरकत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। बीरवार को मल्लीताल स्थित पंत पार्क में कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।

बता दें नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सचिन नेगी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है और महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन में नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, सभासद जीनू पांडे, सभासद अंकित चंद्र, विधानसभा अध्यक्ष शिवम बजाज, मुन्नी तिवारी, मंजू बिष्ट तथा पीके शर्मा व जेके शर्मा, राहुल देव, नफीस, कैलाश, कुणाल, सक्षम, इमरान, नितिन जाटव, चीमा, नमन, मनीष बिष्ट, रमेश बिष्ट,सचिन कुमार, सिदार्थ टंडन, राहुल कुमार, सुनील मेहरा, सूरज पांडे,रवींद्र राठौर,देवकी, गीता मंडल, लता तरुण, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल,भुवन बिष्ट, राजेंद्र व्यास,संजय कुमार,मनोज ममगाई आदि कई कांग्रेसी मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### हादसा: स्कूटी फिसलने के बाद बाइक ने किशोर का सिर कुचला, मौत

हल्द्वानी। सड़क हादसे लगातार जानलेवा साबित हो रहे हैं। गुरुवार दोपहर शहर के दोनहरिया रोड पर हुए दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना कैद हो गई। जानकारी के अनुसार अमरावती कॉलोनी मुखानी निवासी 14 वर्षीय उमेश मौर्य पुत्र शंकर लाल मौर्य स्कूटी से किसी काम से पनचक्की की ओर जा रहा था। जगदंबा बैंक्विट हॉल के पास ओवरटेक करने के दौरान उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। स्कूटी समेत उमेश सड़क की दूसरी ओर जा गिरा, तभी सामने से आ रही एक बाइक उसके सिर को कुचलते हुए निकल गई। हादसे में उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे ठंडी सड़क स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

### नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 20 नशे के इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन मेंअवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में बीती रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने इंद्रानगर फाटक क्षेत्र से साहिल उर्फ जुनैद निवासी मलिक का बगीचा, थाना बनभूलपुरा, को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

# पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने किया कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के सीएमओ डॉ.हरीश चंद्र पंत के निर्देश पर बीरवार को नैनीताल जिले में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

बता दें विभाग की ओर से नैनीताल जिले में 3 लाख 89 हजार 860 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है । नैनीताल में लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल पर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल द्वारा किया गया । उनके द्वारा अपील की गई एल्बेंडाजोल की दवा अपने बच्चों को अवश्य खिलाएं । प्रत्येक



बच्चे को साल में दो बार एल्बेंडाजोल की टेबलेट अवश्य लेनी चाहिए ताकि बच्चे रोग मुक हो सके उनके पढ़ाई में ज्यादा ध्यान रख सके और उनकी स्कूल में उपस्थित शत प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध गंगोला द्वारा कहा कि यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है इसके कोई साइड इफेकट नहीं है यह बच्चों के लिए आवश्यक है पेट में कीड़े होने पर बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पता इसलिए बच्चों को दवा अवश्य खिलाएं। एक और दो साल के बच्चे को आधी टैबलेट और तीन से 19 साल तक के बच्चों को एक पूरी टैबलेट दी जानी चाहिए साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि बच्चों को आई की टेबलेट भी अवश्य लेनी चाहिए ताकि उनके भीतर आयरन की कमी ना रहे बच्चे एनीमिया के शिकार ना हो पाए।

इस दौरान एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा द्वारा बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत जनपद के समस्त स्कूलों और आंगनवाड़ी में एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जा रही हैं जो बच्चे आज दवा खाने से छूट जाएंगे उनको 14 मई (बीरवार) को मॉप अप दिवस पर सभी स्कूल एवं आंगनवाड़ी पर खिलाई जाएगी।कहा कि वर्तमान में समस्त सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ ही समस्त प्राइवेट स्कूलों में भी एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जा रही है। प्रत्येक सप्ताह समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ ही आंगनवाड़ी के माध्यम से भी आईएफ ए बच्चों को खिलाई जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र कठायत ने किया।कार्यक्रम पर भुवन चंद्र त्रिपाठी प्रधानाचार्य समेत सरयुनंदन जोशी, दीवान बिष्ट, हेम जलाल,पवन कुमार, दिनेश बोरा, पूनम जंतवाल, बीना मेहरा, रवि उप्रेती तथा आनंद खंडूरी उपस्थित रहे।

# आदि कैलाश यात्रा का पहला दल आज हल्द्वानी से आदि कैलाश के लिये रवाना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आदि कैलाश यात्रा (बड़ी धार्मिक यात्रा) का पहला दल आज हल्द्वानी से आदि कैलाश के लिये रवाना हुआ, इस दल में कुल 20 यात्री है जिसमें 13 महिला और 7 पुरुष हैं, आदि कैलाश यात्रा को लेकर महिला श्रद्धालुओ में खासा उत्साह नजर आ रह है।

आदि कैलाश के लिये रवाना होते श्रद्धालुओ की ये तस्वीरें हल्द्वानी से हैं, यहां से आड़ आदि कैलाश यात्रा का पहला दल आदि कैलाश के लिये रवाना हुआ, यात्रा दल हल्द्वानी पीडब्लूडी गेस्ट हाउस से कैंची धाम, चितई मंदिर अल्मोड़ा, जागेश्वर धाम होते हुए पिथौरागढ़ के लिये रवाना होगा, हल्द्वानी में आड़ सभी 20 श्रद्धालुओ का कुमाऊ मंडल विकास निगम के अधिकारियो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आदि कैलाश यात्रा का संचालन कुमाऊं मंडल विकास निगम करता है, इस यात्रा से पर्यटन



कारोबार को हर साल एक नयी गति मिलती है, अब तक आदि कैलाश यात्रा के लिये 102 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, यात्रा मई से अक्टूबर माह तक चलेगी, अभी तक कुमाऊ मंडल विकास निगम से यात्रा के लिये 15 स्लॉट दिये हैं। कुमयूं मंडल विकास निगम यात्रा में क्या क्या होगा ㅋ श्रद्धालुओ को कुमाऊं के धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा जिसमें कैंची धाम, चितई मंदिर अल्मोड़ा, जागेश्वर धाम शामिल हैं, श्रद्धालुओ को भोजन में कुमाउनी व्यजनों का स्वाद मिलेगा यात्रा रूट में छोटे बड़े पर्यटन ब्यबसाय करने वाले लोगों को काम मिलेगा।

# मंत्री कैड़ा ने जमरानी बाध परियोजना की जानकारी ली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने हल्द्वानी मै जमरानी बाध परियोजना से जड़े सभी विभागों के अधिकारीयों की बैठक ली। मंत्री कैड़ा ने कहा जमरानी बाध परियोजना एक महत्व पूर्ण योजना है निर्माण कार्य की प्रगति के बारे मै जानकरी ली।

मंत्री कैड़ा ने अधिकारीयों को जमरानी बाध परिजनों के निर्माण मै प्रभावित परिवार के सदस्य को व स्थानीय बेरोजगार युवाओ को रोजगार मै प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने अधिकारीयों को जमरानी बाध परियोजना के निर्माण मै हर कार्य पर स्थानीय जनता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंत्री कैड़ा ने विभागो के अधिकारियो को जनता की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक मै सिचाई विभाग, जमरानी बाध परियोजना के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# उत्तराखंड मुक्त विवि में क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

क्षेत्रीय सेवा निदेशालय, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार, दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने तथा अध्ययन केन्द्रों के सुचारु संचालन के उद्देश्य से विश्वविद्यालय मुख्यालय हल्द्वानी में क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री राम सिंह कैड़ा और कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए क्षेत्रीय सेवा निदेशालय की निदेशक प्रोफेसर गिरिजा पाण्डेय ने नई शिक्षा नीति, अर्न व्हाइल यू लर्न योजना तथा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की वर्तमान समय में बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री राम सिंह कैड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा व्यवस्था में भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला केवल शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का माध्यम नहीं, बल्कि उत्तराखंड के सामाजिक एवं शैक्षिक विकास से भी जुड़ी हुई पहल है। कुलसचिव डॉ.खेमराज भट्ट ने सभी अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सेवायें निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक प्रो. एम. एम. जोशी ने किया। कार्यशाला में अध्ययन केन्द्रों को अधिक सशक्त, सक्रिय एवं शिक्षार्थी-केंद्रित बनाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर एवं सुझाव सत्र में प्रतिभागियों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर अपने सुझाव साझा किए।



### खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत 13 लाख का दंड आरोपित

नैनीताल । न्यायालय न्याय निर्णय अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी नैनीताल में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत वादों की सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत विभिन्न वादों में विपक्ष गण एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अर्थ दण्ड आरोपित किया गया। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि जनपद में कुल अर्थ दण्ड 13,00,000 रुपए की वसूली की गई।

# फ्रिज से उतरे करंट ने छीनी मासूम की जिंदगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**घटना**

- घर में खेलते-खेलते हुई दर्दनाक मौत

जवाहर नगर क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई है। घर के भीतर खेल रहे एक साल के मासूम की फ्रिज में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

जानकारी के मुताबिक टनकपुर रोड स्थित राजपुरा, जवाहर नगर निवासी सुबहान का एक वर्षीय बेटा हस्सान गुरुवार देर शाम को घर में बॉल से खेल रहा था। खेलते समय उसकी बॉल फ्रिज के नीचे चली गई। जैसे ही मासूम ने बॉल निकालने के लिए फ्रिज के नीचे हाथ डाला, उसे जोरदार करंट का झटका लगा।

चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो बच्चा बेसुध पड़ा था। आनन-फानन में उसे बेस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल विजय मेहता के अनुसार प्रारंभिक जांच में अर्थिंग की समस्या के कारण फ्रिज में करंट आने की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट से अनुमति मांगी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस और विशेषज्ञों ने लोगों से घरों में बिजली उपकरणों की समय-समय पर जांच कराने और छोटे बच्चों को बिजली उपकरणों से दूर रखने की अपील की है।

# विवाद के बाद पालिकाध्यक्ष से वार्ता करने पहुंचे टैक्सी संचालक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में टैक्सी वाहनों के प्रवेश और पास व्यवस्था को लेकर छिड़ा विवाद बीरवार को दूसरे दिन भी चर्चा का केंद्र बना रहा। लेक ब्रिज चुंगी पर हुए हंगामे के बाद बीरवार को टैक्सी संचालकों ने पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल से मुलाकात कर स्थानीय टैक्सी वाहनों को पास जारी करने की मांग उठाई। कारोबारियों ने पालिका पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए 2017 के बाद पंजीकृत कुछ वाहनों को पास जारी किए जाने का मामला भी उठाया।

बता दें बुधवार की देर शाम पालिकाध्यक्ष और टैक्सी कारोबारियों के बीच विवाद के बाद बीरवार को



मल्लीताल टैक्सी यूनियन अध्यक्ष दीपक मटियाली तथा तल्लीताल एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जोशी समेत दीवान सिंह रौतेला,प्रवीण बिष्ट, चंदन राम व कुंदन रौतेला समेत कई टैक्सी संचालक पालिका कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि टीबी नंबर वाले टैक्सी वाहनों के पास रोके जाने से स्थानीय स्थायी निवासी भी शहर में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं जिससे रोजगार और आवागमन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। टैक्सी संचालकों ने मांग की कि स्थानीय निवासियों के वाहनों को राहत देते हुए पास जारी किए जाएं। इस पर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि मामला फिलहाल हाईकोर्ट में विचाराधीन है और 12 मई को सुनवाई प्रस्तावित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पालिका कोर्ट में टैक्सी संचालकों का पक्ष मजबूती से रखेगी साथ ही कहा कि यदि कोर्ट से कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकलता है तो पालिका स्तर पर बैठक कर स्थानीय लोगों को राहत देने के विकल्प तलाशे जाएंगे। टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने पालिका प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि एक ओर 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों के पास रोके जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ वाहनों को पास जारी भी किए गए हैं। यूनियन ने ऐसे वाहनों की सूची पालिकाध्यक्ष को सौंपते हुए जांच की मांग की। इस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो उसकी जांच कराई जाएगी।